IJ12AAD

समय : २ घन्टे **पूर्णांक : ५०**

प्र. १ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (१४)

क) "गाँव के उस उन्मुक्त वातावरण में वह जो कुछ चाहती थी करती थी । वह उस अनाथ बालक की भाँति थी जिसके हँसने - रोने, खेलने-सोने, खाने-पहनने से किसी को कोई दिलचस्पी नहीं ।"

अथवा

"आखिर हम सब तस्वीरें ही तो हैं । कौन तस्वीर नहीं उड़ती । यह तस्वीर भी उड़ जाएगी लेकिन वह सूना चौखटा बच रहेगा जिसमें यह जड़ी थी ।"

ख) "दुर्बलता का चिन्ह विशेष शपथ है,
पर, अबलाजन के लिए कौन-सा पथ है ?
यदि मैं उकसाई गई भरत से होऊँ,
तो पति समान ही स्वयं पुत्र भी खोऊँ! "

अथवा

"विस्तृत नभ का कोई कोना
मेरा न कभी अपना होना
परिचय इतना इतिहास यही
उमड़ी कल थी मिट आज चली! "

प्र. २ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२०)

च) 'सूने चौखटे' उपन्यास के माध्यम से कमला और रामू के बालप्रेम का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए ।

अथवा

'सूने चौखटे' उपन्यास के माध्यम से मध्यम वर्गीय समाज की आर्थिक विवशताएँ, खोखली मूल्य व्यवस्था किस प्रकार व्यक्ति को तोड़ देती है ? स्पष्ट कीजिए ।

क) 'स्नेह निर्झर बह गया' कविता के माध्यम से निराला जी ने सांसारिक यथार्थ को किस प्रकार प्रदर्शित किया है ? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

'समर शेष है' कविता के माध्यम से 'दिनकरजी पूर्ण स्वराज्य की प्राप्ति की ओर हमें प्रेरित करते हैं ।' इस वाक्य की पुष्टी कीजिए ।

प्र.३ निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर टिप्पणी लिखिए :- (६)

'सीता' का चरित्र चित्रण ।

प्र. ४ निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक विषय</u> पर निबंध लेखन कीजिए :- (१०)

१) एक रेलवे स्टेशन की आत्मकथा ।

२) आज के युग का समुद्र-सेतु ।

३) मनोरंजन की दुनिया ।

४) आतंकवाद एक समस्या ।

****